राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद्, बल्लभगढ़

(हिन्दी पखवाड़ा - 2025)

रिपोर्ट

➢ **हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ**

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, भारत सरकार द्वारा पत्र संख्या ई-11011(11)/3/2018-हिन्दी/173 दिनांक 05 अगस्त 2025 के दिशा निर्देशानुसार, राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद्, बल्लभगढ़ में हिन्दी पखवाड़ा 16 सितम्बर 2025 से 30 सितम्बर 2025 के बीच बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हिन्दी पखवाड़े का शुभारंभ 16 सितम्बर 2025 को माननीय डॉ संजीव कुमार चतुर्वेदी, संयुक्त निदेशक एवं सचिव-एनसीबी के कर कमलों द्वारा किया गया।

सचिव महोदय ने हिन्दी पखवाड़ा 2025 का शुभारंभ करते हुए कहा कि “यह केवल पखवाड़ा नही है यह राजभाषा हिन्दी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का अवसर है” । हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, भावनात्मक अभिव्यक्ति और राष्ट्रीय एकता का मूल आधार है और यह हमारा नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है कि हम कार्यालयीन कार्यों में हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग करें।

उन्होने सभी से आग्रह किया कि हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लें व अपने सहकर्मियों को भी हिन्दी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करें, और हिन्दी को केवल एक पखवाड़े तक सीमित न रखकर, अपनी कार्यशैली और व्यवहार का अंग बनाएं।

- **हिन्दी पखवाड़े 2025 के अंतर्गत कार्यालय में निम्नलिखित प्रतियोगितायें आयोजित की गई : -**

हिन्दी पखवाड़ा 2025 के अवसर पर कार्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य प्रतिभागियों में हिन्दी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना, उनके भाषा कौशल को निखारना तथा उन्हें हिन्दी के विविध आयामों से परिचित कराना था।

- **निबंध प्रतियोगिता**

- **श्रुतलेखन / शुद्ध लेखन प्रतियोगिता**

- **हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

- **अनुवाद प्रतियोगिता**

- **कविता पाठ प्रतियोगिता**

- **हिन्दी पखवाड़े 2025 के दौरान एनसीबी कार्यालय में दिनांक 25 सितम्बर 2025 को "ई-ऑफिस में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग" विषय पर कार्यशाला का आयोजन**

राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् बल्लभगढ़ में दिनांक 25 सितम्बर 2025 को हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से **"ई-ऑफिस में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग"** विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता माननीय डॉ संजीव कुमार चतुर्वेदी, संयुक्त निदेशक एवं सचिव-एनसीबी द्वारा की गई।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में माननीय श्री बाबू लाल मीना, उप-निदेशक, (राजभाषा) हिन्दी अनुभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), भारत सरकार शामिल हुए। माननीय सचिव-एनसीबी ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीबी एक तकनीकी एवं अनुसंधान-आधारित संस्थान होते हुए भी राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं तथा ई-ऑफिस की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि आज के इस डिजिटल युग में ई-ऑफिस ने हमारी कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित बनाया है।



इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि वक्ता माननीय श्री बाबू लाल मीना जी, ने कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को जानकारी दी कि वर्तमान समय में पत्राचार का रूप डिजिटल हो चुका है इसलिए जैसे हम अपना कार्यालयीन कार्य सामान्य फ़ाइलों द्वारा करते है उसी प्रकार ई-ऑफिस के माध्यम से भी करना चाहिए। उन्होने सभी को ई-ऑफिस में भाषिणी अनुवाद टूल के प्रयोग के विषय में जानकारी दी तथा उसे अधिक से अधिक उपयोग में लाने का अनुरोध किया।

अंत में उन्होने सभी से आग्रह किया कि राजभाषा हिन्दी में कार्य करना हम सभी का संवैधानिक दायित्व है। जिसका पालन हम सभी को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करना चाहिए क्योकि यह केवल राजभाषा हिन्दी के ही नही अपितु संविधान के प्रति भी हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- **हिन्दी पखवाड़े का समापन समारोह**

दिनांक 30 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद्, बल्लभगढ़ (एनसीबी) कार्यालय में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन डॉ. संजीव कुमार चतुर्वेदी, संयुक्त निदेशक एवं सचिव-एनसीबी की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

समारोह के दौरान डॉ. चतुर्वेदी ने हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की सराहना की तथा सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह, रचनात्मकता और सक्रिय सहभागिता के लिए बधाई दी। उन्होंने इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

समापन समारोह के अवसर पर *कविता पाठ प्रतियोगिता* का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीबी कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने विविध विषयों पर सुंदर, सरस कविताओं का पाठ कर समारोह की शोभा बढाई।

समारोह के दौरान हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की संक्षिप्त रूप से चर्चा की गई। यह भी अवगत कराया गया कि सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को एनसीबी कार्यालय के वार्षिक दिवस समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

******